# PURVOTTAR संवाद

## 2023
January - December



# ANNUAL
## ISSUE


vbsamwad.co.in

**विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र**
तृतीय तल, असम प्रकाशन भारती,
(श्रद्धांजलि कानन के सामने),
राधा गोविन्द बरुआ रोड़, गुवाहाटी -05, असम

admin@vbsamwad.co.in

# Vidya Bharati Purvottar Kshetra

## About

Different activities of Vidya Bharati Purvottar Kshetra are related to developing a system of education based on Bharatiya culture, tradition and values. At present, there are eight educational societies under Vidya Bharati Purvottar Kshetra. It has established a system of cooperation and coordination amongst the academic societies of the North-East States. It organizes sports meets, science exhibitions, seminars, workshops, book and journal publishing, and cultural programs at different places for the students, which helps the selected students participate in the All India Competition. It organizes teachers' training camps for quality education. It also extends financial assistance and sanctions grants and loans to educational institutions for hostels, libraries, and other infrastructural development Schemes.

## OUR BASIC SUBJECTS

- Physical Education
- Yoga Education
- Music Education
- Sanskrit Education
- Moral & Spiritual Education

## WHY CHOOSE US

- Bharat Centric Education
- Schools Network in Village, Remote and Border Areas
- Culture, Tradition and Values

## Informal Schools Statistics

| Sl. No. | Samiti / Prant | Informal School | Students | Acharyas (Teachers) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Purvottar Janajati Shiksha Samiti (Ekal Vidyalaya) | 773 | 17,594 | 773 |
| 2 | Uttar Assam (Sanskar Kendra) | 16 | 800 | 16 |
| 3 | Dakshin Assam (Sanskar Kendra) | 2 | 60 | 2 |
| 4 | Meghalaya (Ekal Vidyalaya) | 23 | 690 | 23 |
| 5 | Manipur (Sanskar Kendra) | 24 | 760 | 24 |
| 6 | Nagaland (Ekal Vidyalaya) | 12 | 168 | 12 |
| | **Total** | **850** | **20,072** | **850** |

## FORMAL SCHOOLS STATISTICS

| Sl. No. | Name of Prant Samiti | Formal School | Students | Acharyas (Teachers) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shishu Shiksha Samiti, Assam | 545 | 1,49,587 | 8992 |
| 2 | Shiksha Vikas Parishad, Dakshin Assam | 49 | 9,501 | 751 |
| 3 | Meghalaya Shiksha Samiti | 21 | 3,324 | 125 |
| 4 | Arunachal Shiksha Vikas Samiti | 26 | 3,360 | 242 |
| 5 | Vidya Bharati Shiksha Samiti, Tripura | 14 | 2,643 | 180 |
| 6 | Shiksha Vikas Samiti, Manipur | 15 | 3,060 | 157 |
| 7 | Janajati Shiksha Samiti, Nagaland | 3 | 221 | 34 |
| | Total | **673** | **1,71,696** | **10,483** |

## OUR SPECIALTIES

The country's real strength lies in the integrated development of the rural population. Hence V.B.P.K. is concentrating on spreading its network of schools in villages, remote and border areas of the region. To make our students enlightened citizens of the country, we give equal stress on IT Education as well as on extracurricular and co-curricular activities. We organize sports and cultural meets, science exhibitions, etc., among the students to explore their latent caliber. Students from Purvottar Kshetra participate in All India level sports meets which are recognized by the School Games Federation of India (S.G.F.I.).
Different co-curricular activities like tree plantation, conservation of soil, protection of the environment, children meet, social service, sanskar yojana, etc., are undertaken to make the students understand their potentialities as well as responsibilities towards the society.

# विद्या भारती ने असम हाईस्कूल परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्रों को किया सम्मानित।

## मातृभाषा माध्यम में अहम भूमिका निभा रहे शंकरदेव शिशु निकेतन : डॉ रनोज पेगू

**1 जून 2023**| शिशु शिक्षा समिति असम द्वारा हाईस्कूल परीक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं सम्मान समारोह का आयोजन गुवाहाटी मैडिकल कॉलेज सभागार में किया गया। समिति द्वारा जुगल किशोर एवं राम दुलारी मालपानी की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि असम के शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगू, विशिष्ट अतिथि असम उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद के चेयरमैन रुक्मा गोहाईं बरुआ, प्राग्ज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ स्मृति कुमार सिन्हा, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति असम के अध्यक्ष डॉ दिब्यज्योति महन्त, महामंत्री कुलेन्द्र कुमार भगवती एवं विशिष्ट समाजसेवी राजेश मालपानी मंच पर उपस्थित रहे। डॉ रनोज पेगू ने शिशु शिक्षा समिति को अभिनन्दन करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा विद्या भारती शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान प्रदान कर रही है।

अभिनन्दन एवं संवर्धना समारोह में शंकरदेव शिशु निकेतन ठेकियाजुली के छात्र हृदम ठाकुरिया राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त राज्य की प्रावीण्य सूची में तृतीया स्थान शंकरदेव शिशु निकेतन बाहरघाट के छात्र मृगांक भट्टाचार्या, चतुर्थ स्थान बंचित चौधुरी शंकरदेव शिशु निकेतन सार्थेबारी के छात्र रितुपन दास, पञ्चम स्थान शंकरदेव शिशु निकेतन अमोलापट्टी के छात्र निलुत्पल मण्डल, छटवां स्थान शंकरदेव शिशु निकेतन बोरका सतगांव की छात्रा सन्दिता दास, सातवाँ स्थान शंकरदेव शिशु निकेतन बाघमारा की छात्रा प्लबिता दास एवं शंकरदेव शिशु निकेतन भवानीपुर के छात्र पिजुश नाथ, आठवां स्थान शंकरदेव शिशु निकेतन रामदिया के छात्र अर्णव ज्योति दास तथा नवम स्थान शंकरदेव शिशु निकेतन शिमलगुरी की छात्रा बरष बरषा चेतिया को शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगू ने सम्मानित किया। समारोह में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्रों के निकेतनों के प्रधानाचार्य एवं शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले निकेतनों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया ।

शिशु शिक्षा समिति असम के अन्तर्गत 337 विद्यालयों के 9957 विद्यार्थियों ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में भाग लिया। 186 विद्यालयों के शत प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जबकि 14 विद्यालयों के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




### असम बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2023 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त पूर्व छात्र


निखिलेश दत्त
प्रथम स्थान - विज्ञान विभाग


संकल्पजीत सैकिया
प्रथम स्थान - कला विभाग


प्रार्थना प्रियम सैकिया
तृतीय स्थान - विज्ञान विभाग

### त्रिपुरा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2023 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त छात्र


देब दीप धर
सातवाँ स्थान

# पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति ने रजत जयंती वर्ष के समापन समारोह में आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम।

## सम्मान समारोह

**12 फरवरी 2023** | गुवाहाटी में पी डब्ल्यू डी सभागार में पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा आयोजित रजत जयंती वर्ष के समापन एवं सम्मान समारोह में आनंदमूर्ति गुरुमाँ ने जनजाति शिक्षा के लिए कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मानित किया। इस समारोह में नेहू के कुलपति डॉ. प्रभाशंकर शुक्ला, अरुणाचल प्रदेश मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री ताई तागक, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं, समिति के अध्यक्ष बसन्त अग्रवाल मंचस्थ रहे।

सम्मान समारोह में श्री रामकुईवान्बे जेमी, श्री शंकर लाल गोयनका, श्री नारायण देव शर्मा, श्री कामें रिन्यु, श्री सांचिराम पायेंग, श्री राजेश मालपानी, श्री दिनेश मोदी, श्री पंकज सिन्हा, श्रीमती स्वाति गर्ग, श्री लोंग्की फांग्चो, श्री वालेनिबा जमीर को परम वन्दनीय आनंदमूर्ति गुरुमाँ ने सम्मानित किया।


डॉ. रामकुईवान्बे जेमी


श्री शंकर लाल गोयनका


श्री पंकज सिन्हा


श्री वालेनिबा जमीर


श्री नारायण देव शर्मा


श्री सांचिराम पायेंग


श्री लोंग्की फांग्चो


श्री दिनेश मोदी


श्री कामें रिन्यु


श्रीमती स्वाति गर्ग


श्री राजेश मालपानी


विमोचन - स्मरणिका "प्राची"

## सांस्कृतिक समारोह

**13 फरवरी 2023** | पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष समापन समारोह के अवसर पर दो दिवसीय पूर्वोत्तर जनजाति संस्कृति महोत्सव का आयोजन पी. डब्ल्यू. डी. सभागार एवं प्रशिक्षण केन्द्र तथा शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार कलाक्षेत्र, गुवाहाटी में किया गया। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में अरुणाचल, नागालैंड, मेघालय एवं असम के सुदूर पर्वतीय अंचल हाफलांग में संचालित विद्यालय के भैया बहिनों ने जनजाति संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये।









# संगोष्ठी

## 12 एवं 13 फरवरी 2023

पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष के समापन अवसर पर एवं प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा समिति के सहयोग से गुवाहाटी में विद्यालय स्तर पर भारतीय भाषाओं का शिक्षण विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन असम प्रकाशन भारती एवं शंकरदेव विद्या निकेतन विष्णुपथ के सभागारों में किया गया। संगोष्ठी में त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी, विद्वत परिषद् उत्तर असम प्रान्त संयोजक भास्कर ज्योति शर्मा, प्रफुल्ल बसुमतारी, नारायण देव शर्मा सहित पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति के मंत्री डॉ. अभिजीत पायेंग ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

समानान्तर सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 और स्कूली शिक्षा में मातृभाषा के महत्व को समझना; विद्यालयों में जनजाति बोली एवं भाषा का क्रियान्वयन; भारतीय भाषाओं में स्कूली शिक्षा : चुनौतियां और संभावनाएं; पूर्वोत्तर की जनजातियां - भाषा, साहित्य, संस्कृति: संदर्भ और चुनौतियां; मातृभाषा में विद्यालयीन शिक्षा; जैसे विषयों पर चर्चा का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय संगोष्ठी में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री बसन्त अगरवाला जी सहित विद्या भारती की जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के अखिल भारतीय सह संयोजक मधु नार्जरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामसिंह जी, क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख प्रकाश चक्रवर्ती जी ने विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन प्रदान किया।






# अमृत वर्षा

**13 फरवरी 2023** | पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय पूर्वोत्तर जनजाति संस्कृति महोत्सव के अवसर पर शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार कलाक्षेत्र, गुवाहाटी में अमृत वर्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमृत वर्षा कार्यक्रम में परम वंदनीया आनंदमूर्ति गुरु माँ का आशीर्वचन उपस्थित गणमान्य लोगों को प्राप्त हुआ। आनंदमूर्ति गुरु माँ हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा दी गई ज्ञान परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश-विदेश की यात्राएं करती हैं। गुरु माँ विगत 35 वर्षों से आदि शंकराचार्य का अद्वैत वेदांत दर्शन पर निरंतर और अथक रूप से कार्य कर रही हैं।

## अध्यात्म ही है जीवन का आधार

**- आनन्दमूर्ति गुरूमाँ**

इसके अतिरिक्त उन्होंने अनेक आध्यात्मिक सद्ग्रंथो पर व्याख्यान दिए हैं।समारोह में पूर्वोत्तर की जनजाति संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी रतन शर्मा ने की। असम, अरुणाचल, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा सहित नागालैंड से पूज्या गुरु माँ की अमृत वाणी सुनने हेतु लोग समारोह में उपस्थित हुए। अमृत वर्षा समारोह के साथ पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति के रजत जयंती वर्ष का समापन हुआ।



# प्रान्तीय प्राचार्य सम्मेलन, उत्तर असम

**24 और 25 मार्च, 2023**| विद्या भारती बहुमुखी शैक्षिक प्रकल्प, हाजोंगबाड़ी में उत्तर असम प्रान्त का दो दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य सम्मेलन आयोजित किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग, असम सरकार के सलाहकार डॉ. ननी गोपाल महन्त और श्री के.एन. रघुनन्दन, संगठन मंत्री, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, श्री ब्रह्माजी राव, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती,डॉ. दिव्यज्योति महन्त, अध्यक्ष, शिशु शिक्षा समिति, असम, डॉ. पवन तिवारी, संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने भाग लिया। डॉ. ननी गोपाल महन्त ने बच्चो के सर्वांगीण विकास एवं भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा प्रदान करने हेतु विद्या भारती के कार्यों की सराहना की। सम्मेलन में विभिन्न निकेतन, जिला केंद्र और संकुल केंद्र निकेतन के प्राचार्यों, अध्यक्षों, सचिवों, पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के साथ 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन में पहली बार डॉ. देवेन चंद्र दास सुदामा को उनके असमिया और हिंदी साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए साहित्य पुरस्कार भी प्रदान किया गया।





## शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का पंचकोशात्मक विकास : अवनीश भटनागर

### विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की वार्षिक साधारण सभा पासीघाट में आयोजित।




विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया। डोन्यी पोलो विद्या निकेतन तालोम रुकबो नगर में आयोजित साधारण सभा के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विद्या भारती के अखिल भारतीय महामन्त्री माननीय अवनीश भटनागर, अरुणाचल प्रदेश मुख्य मंत्री के सलाहकार ताई तागक, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्यों सहित विभिन्न प्रांत समितियों व ट्रस्ट के अध्यक्ष, मंत्री, क्षेत्रीय विषय प्रमुख एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता साधारण सभा में उपस्थित रहे। साधारण सभा में विगत वर्ष का कार्यवृत्त प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्ययोजना का विचार किया गया।

आदरणीय अवनीश भटनागर ने सभा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण बातों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों का पंचकोशात्मक विकास करना है।

क्षेत्रीय विषय प्रमुख एवं प्रान्त समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने कार्य का वार्षिक वृत्त प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। असम चाय जनगोष्ठी शिक्षा संस्कृति न्यास, शंकरदेव एजुकेशन एवं रिसर्च फाउन्डेशन द्वारा भी सभा में कार्यवृत्त प्रस्तुत किया गया। विद्या भारती द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न पंजीकृत प्रान्त समितियों के माध्यम से 666 विद्यालय संचालित हैं जिनमें 10,240 आचार्यों के मार्गदर्शन में 1,64,668 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। अनौपचारिक शिक्षा प्रदान करने हेतु 631 एकल संस्कार केंद्र संचालित हैं जिनमें 19,512 विद्यार्थी प्राथमिक शिक्षा निशुल्क प्राप्त कर रहे हैं।
साधारण सभा के समापन सत्र में उपस्थित कार्यकर्ताओं सहित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनुपम मिश्रा, अरुणाचल शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष बोड़ोंग यिरांग, त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं उपस्थित रहे। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की कार्यकारिणी बैठक भी सभा से पूर्व आयोजित की गई।



साधारण सभा में शंतनु रघुनाथ शेंडे पुरस्कार सरस्वती विद्या निकेतन महादेवपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती वसुधा भिड़े को प्रदान किया।


अभयापुरी

# शिशु शिक्षा समिति, असम द्वारा आयोजित 15 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध शिशु शिक्षा समिति असम द्वारा 15 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया। असम में चार स्थानों पर इन प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया।

विद्या भारती की योजना से प्रतिवर्ष आचार्यों की शैक्षणिक गुणवत्ता विकास की दृष्टि से सात दिवसीय अथवा 15 दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया जाता है।

असम में संचालित शंकरदेव शिशु / विद्या निकेतनों के आचार्यों हेतु होजाई एवं सिबसागर में 5 से 20 जुलाई तथा नारंगी एवं अभयापुरी में 10 से 25 जुलाई तक आचार्य प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन किया गया।

इन प्रशिक्षण वर्गों में 414 आचार्य एवं आचार्याओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण, पूर्व बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल(ECCE), शिशु वाटिका, शारीरिक-योग, नैतिक-आध्यात्मिक शिक्षा, पंचपदी शिक्षण, आधारभूत विषय, भारत का गौरवशाली इतिहास, वैदिक गणित, अंग्रेजी, संचार एवं संवाद तकनीकी (ICT) सहित विभिन्न विषयों पर आचार्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित आचार्यों की परीक्षा लेकर उनको प्रमाणपत्र भी प्रदान किये गए।

होजाई में नगांव एवं जोरहाट विभाग के 43 आचार्य एवं 59 आचार्या, सिबसागर में लखीमपुर एवं सिबसागर विभाग के 22 आचार्य एवं 66 आचार्या, नारंगी में गुवाहाटी एवं तेजपुर विभाग के 36 आचार्य एवं 64 आचार्या, अभयापुरी में बंगाईगाँव एवं नलबारी विभाग के 47 आचार्य एवं 77 आचार्याओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।


शिवसागर


नारंगी


होजाई

## उत्तर असम प्रान्त का सात दिवसीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

शिशु शिक्षा समिति, असम द्वारा गुवाहाटी में स्थित शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन, बेलतला में 3 से 9 जुलाई 2023 तक सात दिवसीय प्रान्तीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया। प्रशिक्षण वर्ग में 8 विभागों के 19 विद्यालयों से 8 आचार्य एवं 90 आचार्याओं ने प्रतिभाग किया। वर्ग में उद्घाटन सत्र में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के अंतर्गत शिशु वाटिका के क्रियाकलापों का महत्वपूर्ण स्थान है। इस प्रशिक्षण वर्ग में शिशु वाटिका की अखिल भारतीय संयोजिका श्रीमती आशा थानकी, अखिल भारतीय सह संयोजिका श्रीमती नम्रता दत्त एवं अखिल भारतीय सह संयोजक श्री हुकुम चन्द्र भुवंता जी का मार्गदर्शन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुआ। पूर्वोत्तर क्षेत्र के शिशु वाटिका संयोजक श्री आनन्द चन्द्र सूत्रधर, उत्तर असम प्रान्त की शिशु वाटिका संयोजिका श्रीमती बर्नाली देवी, प्रान्त मंत्री कुलेंद्र कुमार भगवती सहित आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. दीप्ती रेखा शर्मा एवं वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. नीलिमा गोस्वामी का मार्गदर्शन प्रशिक्षार्थियों को प्राप्त हुआ।



# त्रिपुरा प्रान्त की प्रधानाचार्य बैठक सम्पन्न

विद्या भारती शिक्षा समिति त्रिपुरा द्वारा प्रान्त कार्यालय में 16 जुलाई 2023 को एक दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 13 विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। प्रांत संयोजक श्री नीलमणि चक्रवर्ती एवं प्रान्तीय सह मंत्री श्री सुबीर चक्रवर्ती का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



विद्या भारती त्रिपुरा प्रान्त कार्यालय सचिव

**श्री अंकुर दत्त**

दिवंगत पुण्यात्मा को परम प्रभु अपने श्री चरणों का सायुज्य प्रदान करें तथा परिवारजनों एवं स्नेहीजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

# दक्षिण असम प्रान्त का 10 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग करीमगंज में सम्पन्न

शिक्षा विकास परिषद् दक्षिण असम द्वारा दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजन सरस्वती विद्या निकेतन करीमगंज में आयोजित किया गया। 10 जुलाई से 19 जुलाई 2023 तक आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में 27 विद्यालयों के 88 आचार्यों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, प्रान्त संगठन मंत्री श्री महेश भागवत, प्रान्त अध्यक्ष डॉ. निखिल भूषण डे, प्रान्त मंत्री निहारेंदु धर सहित विशिष्ट शिक्षाविदों का मार्गदर्शन प्रशिक्षार्थी आचार्यों को प्राप्त हुआ।

## कार्यालय प्रमुख प्रशिक्षण वर्ग

सरस्वती विद्या निकेतन करीमगंज में दो दिवसीय कार्यालय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। 17 से 19 जुलाई 2023 तक आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में 21 विद्यालयों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।





# मेघालय में 3 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

मेघालय शिक्षा समिति द्वारा खासी एवं जयंतिया विभाग का तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग श्री कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय शिलांग में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में 30 आचार्यों ने प्रतिभागिता की। वर्ग में क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, प्रान्त मंत्री प्रो. सौमेन चक्रवर्ती, प्रान्त अध्यक्ष श्री रिनोह्यो सुंगो, प्रांत संगठन मंत्री श्री समीर सरकार, प्रो. सुभाष चन्द्र रॉय एवं कमल कुमार जी नागालैंड प्रांत संगठन मंत्री श्री पंकज सिन्हा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।गारो विभाग का तीन दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग विजय कृष्ण गरुणाचल विद्यापीठ पहाम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में 56 आचार्यों ने प्रतिभागिता की। प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत संगठन मंत्री श्री समीर सरकार, प्रांत अध्यक्ष श्री रिनोह्यो सुंगो जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।







शिलांग, पूर्व खासी पहाड़






पहाम, पश्चिम गारो पहाड़

# आनन्द निकेतन ट्रस्ट ने किया पेयजल वितरण

## अम्बुबाची मेला

गुवाहाटी में नीलांचल पर्वत पर स्थित **कामाख्या शक्तिपीठ** में आयोजित अम्बुबाची मेला के अवसर पर आनंद निकेतन ट्रस्ट द्वारा पेयजल वितरण किया गया। चार दिवसीय अम्बुबाची मेला के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु निशुल्क पेयजल की व्यवस्था ट्रस्ट के माध्यम से की गई। इस अवसर पर 80,000 श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। पेयजल वितरण केंद्र का शुभारम्भ कामाख्या शक्तिपीठ के दलई श्री हिमाद्रि शर्मा ने किया। आनंद निकेतन ट्रस्ट के प्रकल्प प्रमुख श्री मनोज कलिता ने विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति के कार्यकर्ताओं के साथ पेयजल वितरण किया।





# असम प्रकाशन भारती की साधारण सभा सम्पन्न

**गुवाहाटी, 30 जुलाई 2023**|| असम प्रकाशन भारती की वार्षिक साधारण सभा गुवाहाटी में संपन्न हुई। शिशु शिक्षा समिति असम के अध्यक्ष डॉ. दिब्यज्योति महन्त एवं असम प्रकाशन भारती के अध्यक्ष डॉ. विवेकानन्द शर्मा ने ज्ञान की देवी सरस्वती, प्रणवाक्षर ॐ एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सभा का शुभारम्भ किया। कार्यालय सचिव हितेन प्रसाद गोस्वामी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि व्यक्त की। असम प्रकाशन भारती के सचिव दीपांकर बोरा ने सभा की प्रस्तावना रखने के पश्चात गत बैठक की कार्यवाही का पाठ करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष विकास नागपुरिया ने वर्ष 2022-23 की ऑडिट रिपोर्ट एवं वर्ष 2023-24 का बजट प्रस्तुत किया।

असम प्रकाशन भारती द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा में कार्यकारिणी सदस्यों के साथ विद्या भारती उत्तर असम प्रांत के पूर्णकालिक कार्यकर्ता, शिशु शिक्षा समिति असम के पदाधिकारियों सहित विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी उपस्थित रहे। सभा में उपस्थित सदस्यों ने प्रिंटिंग प्रेस, विद्वत परिषद के माध्यम से पुस्तकों के सत्यापन, आदि विषयों पर चर्चा की।





# विद्या भारती शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट द्वारा हाजोंगबाड़ी में पशु दाना वितरण किया गया

विद्या भारती बहुमुखी शैक्षिक प्रकल्प हाजोंगबाड़ी में आई.सी.ए.आर. राष्ट्रीय सुअर अनुसन्धान केंद्र द्वारा विद्या भारती शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट के सहयोग से 26 जुलाई 2023 को निशुल्क पशु दाना वितरित किया गया।

समारोह में 200 सुअर पालकों को 30 हजार किलो पशुदाना वितरित किया गया। राष्ट्रीय सुअर अनुसन्धान केंद्र रानी के निदेशक डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, मुख्य शोधकर्ता डॉ. प्रणव ज्योति दास, शोधकर्ता डॉ. नितिन मोहन ने सुअर पालन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

पशुदाना वितरण समारोह में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, उत्तर असम प्रान्त के सह मंत्री श्री जगन्नाथ राजबंग्शी, हाजोंगबाड़ी प्रकल्प के अध्यक्ष श्री सांचिराम पायेंग जी भी उपस्थित रहे।






# क्षेत्रीय योग एवं शतरंज प्रतियोगिता सोनापुर में आयोजित।

**11 से 13 अगस्त, 2023**| शंकरदेव शिशु विद्या निकेतन सोनापुर में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा 33वें खेल समारोह के अंतर्गत योग एवं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री सुबोध बोरा, अध्यक्ष, खेल परिषद, शिशु शिक्षा समिति असम ने की। श्री अजय इंग्ति, अध्यक्ष, स्वागत समिति से स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. पवन तिवारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वोत्तर ने समारोह का उद्घाटन करते हुए सभा को संबोधित किया। तत्पश्चात खिलाड़ी भैया बहिनों ने शपथ ग्रहण की। समारोह में दिसपुर के विधायक श्री अतुल बोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

श्री जुबली पोद्दार वैश्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्री योगेंद्र सिंह सिसोदिया, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। श्री रंजीत शईकिया, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख ने आभार व्यक्त किया।






## राज्यपाल श्री कटारिया की गरिमामयी उपस्थिति में असम चाय जनगोष्ठी शिक्षा संस्कृति न्यास का तृतीय स्थापना समारोह आयोजित।

# युवा सम्मेलन एवं व्याख्यान समारोह

**20 अगस्त, 2023**| गुवाहाटी में असम चाय जनगोष्ठी शिक्षा संस्कृति न्यास के तृतीय स्थापना वर्ष समारोह में असम के राज्यपाल माननीय गुलाब चन्द्र कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में राज्यपाल ने विद्या भारती के कार्य की सराहना की। विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री माननीय यतीन्द्र शर्मा जी मुख्य वक्ता के रूप में समारोह में उपस्थित रहे। समारोह में चाय जनजातियों के पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी।

समारोह में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. दिब्यज्योति महन्त एवं प्रान्त मंत्री श्री कुलेंद्र कुमार भगवती विशेष रूप से उपस्थित रहे।





समारोह में प्रधानाचार्य श्री राजू साउंरा को चाय बागान के क्षेत्र में शिक्षा के विस्तार हेतु विद्यालय स्थापना के लिए भूमि दान तथा उनके विशेष सहयोग की स्वीकृति के रूप में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।




माननीय राज्यपाल के कर-कमलों द्वारा न्यास की स्मारिका “यात्रा” का विमोचन किया गया।




# शिक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाने हेतु तत्पर विद्या भारती

**: श्री रामकृष्ण राव जी**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष दुसी रामकृष्ण राव दो दिवसीय असम प्रवास के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित हुए। शिशु शिक्षा समिति द्वारा संचालित शंकरदेव शिशु विद्या निकेतनों के जिला केंद्र में स्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं सचिवों की बैठक असम प्रकाशन भारती गुवाहाटी में आयोजित हुई। बैठक में जिला केंद्र विद्यालयों की गुणवत्ता बृद्धि, प्रभावी शिशु वाटिका, संस्कार केन्द्र, मानकीकरण, आदि विषयों के संबंध में चर्चा हुई। इसके साथ ही विद्या भारती उत्तर असम प्रांत के पूर्णकालिक कार्यकर्ता एवं विद्वत परिषद की बैठक में भी राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण राव सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा विद्या भारती छात्रों को शारीरिक दृष्टि से सबल, मानसिक दृष्टि से सद्विचारी एवं सदाचारी, बौद्धिक दृष्टि से सत्यान्वेशी, प्राणिक दृष्टि से संतुलित तथा आध्यात्मिक दृष्टि से सेवाभावी बनाने का कार्य कर रही है। विषय प्रमुखों की बैठक में उपस्थित रहते हुए उन्होंने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया विद्या भारती समाज को साथ लेकर विद्यालयों के द्वारा सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने का कार्य कर रही है। शिशु शिक्षा समिति असम की कार्यकारिणी बैठक को भी उन्होंने संबोधित किया। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, क्षेत्र मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रॉयचौधुरी एवं शिशु शिक्षा समिति असम के साधारण संपादक कुलेंद्र कुमार भगवती विभिन्न बैठकों में सम्मिलित रहे।

# पूज्य शंकराचार्य जी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा

कांची कामकोटि के पूज्य शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती जी से पूर्वोत्तर भारत में शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विषयों को वर्तमान परिस्थितियों में सुचारू रूप से आगे बढ़ाने हेतु चर्चा करने विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डा.पवन तिवारी वाराणसी पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किए। मेघालय प्रदेश में पूर्व से ही कांची कामकोटि विद्या भारती विद्यालय मठ के सहयोग से संचालित है।




# विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा चिंतन बैठक आयोजित

**25 से 27 अगस्त, 2023** | विद्या भारती के कार्य को सम्पूर्ण देश में 71 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। 2027 में विद्या भारती के अमृत महोत्सव वर्ष का आयोजन किया जायेगा। विद्या भारती के अब तक के कार्यों की प्रगति का सिंहावलोकन एवं आगामी एक दशक की कार्ययोजना हेतु देश में 15 स्थानों पर क्षेत्रसः चिंतन बैठकों का आयोजन किया गया। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा 3 दिवसीय क्षेत्रीय चिंतन बैठक का आयोजन केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय मणिपुर के शिलांग परिसर में किया गया। विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द चन्द्र महन्त के मार्गदर्शन में बैठक संपन्न हुई।

चिंतन बैठक में भारतीय शिक्षा दर्शन, विद्यालय गुणवत्ता विकास, छात्र एवं आचार्य विकास, मातृभाषा में शिक्षा, कौशल विकास, सामाजिक दायित्व बोध, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन एवं ग्रामीण, जनजातीय, सीमावर्ती, तटवर्ती, दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र की शिक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से विचार हुआ। गोविन्द चन्द्र महन्त ने कहा विद्या भारती का वैचारिक अधिष्ठान भारतीय शिक्षा दर्शन पर आधारित है। उन्होंने कहा विद्यालयों में हम भारत केन्द्रित शिक्षा को सुद्रढ़ बनाने हेतु कार्य कर रहे है।

क्षेत्रीय चिंतन बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ असम क्षेत्र प्रचारक उल्हास कुलकर्णी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख अशोकन जी, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष एवं त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गंगा प्रसाद परसाईं, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र राय चौधुरी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी एवं पूर्वोत्तर राज्यों से 36 प्रतिभागी उपस्थित रहे।






# शिक्षा विकास समिति मणिपुर की साधारण सभा इम्फाल में आयोजित।

**9 सितम्बर, 2023** | शिक्षा विकास समिति मणिपुर की वार्षिक साधारण सभा बाल विद्या मंदिर पैलेस कंपाउंड, इम्फाल के सुदर्शनालय सभागार में आयोजित हुई। सभा में विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समिति के अध्यक्ष श्री खगेन सिंह जी ने सभा की अध्यक्षता की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मणिपुर के पूर्व प्रान्त संघचालक श्री ए. बृजकुमार शर्मा जी विशिष्ट अतिथि के रूप में सभा में उपस्थित रहे।



# आनंद निकेतन ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



विद्या भारती बहुमुखी शैक्षिक प्रकल्प हाजोंगबाड़ी में आनंद निकेतन ट्रस्ट कालीपुर द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शंकरदेव शिशु निकेतन हाजोंगबाड़ी के छात्रों एवं आचार्यों सहित ग्रामवासियों के नेत्रों का परीक्षण अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से किया गया। ट्रस्ट द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में 170 लोगों का परीक्षण किया गया और रोग निदान सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी । इस अवसर पर ट्रस्टी सांचिराम पायेंग, आनंद निकेतन प्रकल्प के प्रमुख मनोज कलिता सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज की डॉ. गरिमा एवं डॉ. चिरंदीप द्वारा शिविर में आये लोगों का नेत्र परीक्षण किया।

# पूर्वोत्तर अध्ययन मण्डल द्वारा 10 दिवसीय शैक्षिक - सांस्कृतिक यात्रा आयोजित।



**2 से 10 अक्टूबर, 2023**|विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा पूर्वोत्तर अध्ययन मण्डल का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत 10 दिवसीय शैक्षिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों से विद्या भारती के चयनित प्रधानाचार्य, आचार्य, पूर्व छात्र, प्रबंध समिति के सदस्य, पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा में हिस्सा लिया। विद्या भारती के राष्ट्रीय महामंत्री अवनीश भटनागर का भी मार्गदर्शन यात्रा के अंतर्गत प्राप्त हुआ। गुवाहाटी से प्रयागराज, सतना, चित्रकूट, कालिंजर, पन्ना, छतरपुर, उज्जैन, भोपाल, बनखेडी सहित जबलपुर के विभिन्न शैक्षिक प्रकल्प एवं सांस्कृतिक धरोहरों का दर्शन प्रतिभागियों ने किया।

यात्रा के अंतर्गत जनजातीय शिक्षा, ग्रामीण शिक्षा, कौशल विकास, पूर्व छात्रों द्वारा प्रबंधन, आदि का प्रत्यक्ष दर्शन किया। महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सभी प्रतिभागी सम्मिलित हुए। रानी दुर्गावती शोध संस्थान द्वारा आयोजित पञ्चशतवार्षिकी समारोह में सम्मिलित होते हुए महाराजा छत्रशाल स्मृति शोध संस्थान की वार्षिक साधारण सभा में सभी प्रतिभागी सम्मिलित हुए। पूर्वोत्तर शैक्षिक मण्डल ने चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान एवं गोविंद नगर में भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास की विभिन्न परियोजनाओं का दर्शन करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र का भी अवलोकन किया।

अरुणाचल प्रदेश मुख्यमंत्री के सलाहकार ताई तागक यात्रा के संरक्षक रहे एवं विद्या भारती पूर्वोत्तर के क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी यात्रा के संयोजक रहे। इस यात्रा में कुल 81 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। सभी स्थानों पर पूर्वोत्तर अध्ययन मण्डल के सदस्यों का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया।












# प्रागज्योतिषपुर साहित्य महोत्सव - 2023

प्रागज्योतिषपुर साहित्य महोत्सव (पीएलएफ़) 29 सितंबर से 1 अक्टूबर, 2023 तक गुवाहाटी के जिला पुस्तकालय सभागार और साहित्य सभा भवन में आयोजित हुआ। इस महोत्सव का आयोजन **शंकरदेव एजुकेशन एंड रिसर्च फ़ाउंडेशन** द्वारा किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत एवं उत्तर पूर्व की गौरवशाली ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को फिर से स्थापित करना भी था। इस महोत्सव में साहित्यिक चर्चा, पुस्तक प्रकाशन, और लेखकों के साथ संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। महोत्सव का उद्घाटन समारोह, "जड़ों की खोज" मूल मंत्र के साथ प्रारंभ हुआ।

इस समारोह में नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर मराठे, पद्म श्री पुरस्कार विजेता लिल बहादुर छेत्री, और प्रसिद्ध पत्रकार रुबिका लियाकत के साथ विशिष्ट शिक्षाविद सम्मिलित हुए।

इस महोत्सव का उद्देश्य पीढ़ियों के मध्य की खाई को पाटना भी था. इसके लिए, 30 सितंबर को कक्षा 11 से स्नातकोत्तर स्तर तक के विद्यार्थियों के मध्य एक क्विज़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त , प्रागज्योतिषपुर साहित्य महोत्सव ने एक पुरस्कार भी प्रारंभ किया है। यह पुरस्कार हर वर्ष राज्य के प्रतिष्ठित और उभरते लेखकों को प्रदान किया जाएगा।







# प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय : प्रथम स्थापना दिवस

प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय द्वारा 17 अक्टूबर को एक वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस समारोह का आयोजन विवेकानन्द केंद्र सांस्कृतिक प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रागज्योतिषपुर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति प्रो. प्रदीप कुमार जोशी एवं कुलपति प्रो. स्मृति कुमार सिन्हा, आईआईएम इंदौर से प्रो. हिमांशु राय और प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा, त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गंगा प्रसाद परसाई और कई प्रतिष्ठित एवं सम्मानित अतिथि आयोजन में सम्मिलित हुए।

पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रभा शंकर शुक्ला, प्रोफेसर प्रह्लाद आर जोशी और श्री दिगंत बिस्वा सरमा जैसे बुद्धिजीवियों ने अपने विचार इस अवसर पर प्रदान किए।



# शतरंज रणनीति, बुद्धि और प्रतिस्पर्धा का एक सुंदर खेल है : मुख्यमंत्री पेमा खांडू

## अरुणाचल में अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

विद्या भारती खेल परिषद के तत्वावधान में अरुणाचल शिक्षा विकास समिति द्वारा 26 से 30 अक्टूबर तक अबोतानी विद्या निकेतन, नाहरलागुन में आयोजित 34वें राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों के ख़िलाड़ी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। देश भर से 350 से अधिक छात्रों ने शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया।

समारोह का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं विद्या भारती अरुणाचल के संरक्षक श्री ताई तागक, स्थानीय विधायक, मेयर एवं विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री उपस्थित रहे।






## क्षेत्रीय आवासीय विद्यालय प्रधानाचार्य व छात्रावास प्रमुख कार्यशाला

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य व छात्रावास प्रमुखों की दो दिवसीय कार्यशाला 4 एवं 5 नवम्बर को सरस्वती विद्या मंदिर हाफलांग में आयोजित।

उद्घाटन सत्र में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष मान. डॉ ललित बिहारी गोस्वामी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ पवन तिवारी जी व वरिष्ठ प्रचारक श्री रामसिंह जी उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे।



## क्षेत्रीय जनजातीय शिक्षा टोली बैठक

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र की जनजातीय शिक्षा टोली बैठक सरस्वती विद्या मंदिर हाफलांग, असम में सम्पन्न।

बैठक में विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान, कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष मान. डॉ. ललित बिहारी गोस्वामी जी, पूर्व जनजाति मंत्री त्रिपुरा सरकार श्री राम पद जमातिया एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री डॉ पवन तिवारी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। पूर्वोत्तर प्रांतो से उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यक्षेत्र का वृत्त प्रस्तुत किया।



# कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार से श्री रामपद जमातिया सम्मानित

विद्या भारती से सम्बद्ध पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा 5 नवम्बर को कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार समारोह का आयोजन हाफलांग में किया गया। समिति द्वारा 2007 से प्रतिवर्ष जनजातीय शिक्षा हेतु प्रेरणास्पद कार्य करने वाले महानुभावों को यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। वर्ष 2023 के लिए त्रिपुरा के सामाजिक कार्यकर्ता श्री रामपद जमातिया को कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जमातिया पूर्व में त्रिपुरा सरकार में जनजाति मंत्री रहे हैं, वे वर्तमान में बाघमारा से विधायक हैं। उन्होंने कई विद्यालय स्थापित करने के लिए भूमि दान स्वरूप प्रदान की है। उनके विशेष प्रयासों से त्रिपुरा के विभिन्न जिलों में 13 गोरिया अकादमी विद्यालय स्थापित हुए हैं।

समारोह में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित कौशल विकास एवं रोजगार उद्यमिता व पर्यटन मंत्री जयंत मल्ल बरूआ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डिमा हसाओ स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य देबोलाल गोरलोसा सम्मानित अतिथि एवं विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डॉ ललित बिहारी गोस्वामी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पद्मश्री रामकुईवांग्बे जेमी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रामपद जमातिया जी को सम्मान स्वरूप में जेमी नागा शॉल, दिमासा गमछा, सराई, स्मृति चिन्ह एवं एक लाख रुपए का चैक प्रदान किया गया। विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ पवन तिवारी ने बताया कि कृष्णचंद्र गांधी जी ने जीवन का अधिकांश समय जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के उत्थान हेतु समर्पित किया। उन्होनें सरस्वती विद्या मंदिर हाफलांग के स्थापना सहित सम्पूर्ण देश में सरस्वती शिशु मंदिर योजना के अंतर्गत विद्यालय प्रारंभ किए।

पूर्वोत्तर जनजाति शिक्षा समिति द्वारा अबतक 17 महानुभावों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। समिति द्वारा प्रदान किया जाने वाला कृष्णचंद्र गांधी पुरस्कार कार्यकर्ता का सर्वोच्च सम्मान है।





# अखिल भारतीय संगठन मंत्री, संगठक वर्ग गुवाहाटी में आयोजित

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा गुवाहाटी में अखिल भारतीय संगठन मंत्री, संगठक वर्ग का आयोजन 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक किया गया। वर्ग में विद्या भारती में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह माननीय कृष्णगोपाल जी एवं अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख माननीय अरुण जैन जी, विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष माननीय रामकृष्ण राव जी, अखिल भारतीय संगठन मंत्री माननीय श्री गोबिंद चन्द्र महन्त जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। त्रिदिवसीय वर्ग के पश्चात विद्याभारती की जनजाति क्षेत्र की शिक्षा के अंतर्गत हाफलांग में संचालित प्रकल्प का अवलोकन सभी प्रचारकों ने किया। वर्ग समाप्ति के पश्चात गुवाहाटी में स्थित रमणीय स्थलों का भ्रमण किया।




## पूर्वोत्तर आधारित प्रदर्शनी का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह माननीय डॉ. कृष्णगोपाल जी ने किया।





# शिशु शिक्षा समिति असम द्वारा त्रिदिवसीय चयनित प्रधानाचार्य विकास वर्ग आयोजित

चयनित प्रधानाचार्य विकास वर्ग-2023 विद्या भारती बहुमुखी शैक्षिक प्रकल्प, हाजोंगबाड़ी, चंद्रपुर, गुवाहाटी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और वंदना से हुआ । विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र के मंत्री ए लक्ष्मण राव, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के मंत्री डॉ. जगदींद्र रॉयचौधरी, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी, शिशु शिक्षा समिति, असम के संगठन मंत्री नीरव घेलाणी और शिशु शिक्षा समिति, असम के साधारण सम्पादक कुलेंद्र कुमार भगवती उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में असम के 8 विभागों से कुल 70 चयनित प्रधानाचार्य भाग ले रहे हैं। प्रास्ताविक भाषण उत्तर असम के संगठन मंत्री नीरव घेलाणी ने प्रदान किया। उद्घाटन भाषण कुलेंद्र कुमार भगवती, साधारण सम्पादक, शिशु शिक्षा समिति, असम द्वारा दिया गया।






## मणिपुर हिंसा में प्रभावित परिवारों को सहायता

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर 2 महीनों से हिंसा की आग में जल रहा है। अब तक 120 से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। तीन हजार से ज्यादा लोग बुरी तरह घायल हुए है। करीब 50 हजार लोग अपना घर-बार छोड़कर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

शिक्षा विकास समिति मणिपुर के माध्यम से विद्या भारती के कार्यकर्ताओं ने 15 स्थानों पर राहत शिविरों में रह रहे लगभग 300 शरणार्थियों को सहायता आवश्यक सामग्री के रूप में भोजन, पानी, रजाई-कम्बल, चटाई, मच्छरदानी, आदि की व्यवस्था की।

विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री डॉ. पवन तिवारी जी ने मणिपुर में प्रवास करते हुए राहत शिविरों का अवलोकन किया।






ADMISSION FOR 2023-24

PRAGJYOTISHPUR UNIVERSITY
Estd. 2022

More Information :
pragjyotishpuruniversity@gmail.com
7086764540

School of Arts, Humanities, and Social Sciences
School of Natural and Applied Sciences
School of Performing Arts
School of Commerce and Business Management

# Pragjyotishpur University

## Vice Chancellor's Meet

**P**ragjyotishpur University, one of the leading educational institutions in Assam, organized a Vice Chancellor's meet at the Assam Administrative Staff College in Guwahati on March 23, 2023. The event witnessed the participation of 16 Vice Chancellors from various universities across the country.

The primary agenda of the meeting was to discuss the courses and curriculum offered by Pragjyotishpur University. The Vice Chancellors engaged in productive discussions, sharing insights and exchanging ideas on enhancing the academic programs and promoting quality education.

Esteemed personalities including Shri K N Raghunandan ji, the Organizing Secretary of Vidya Bharati Uchccha Shiksha Sansthan, Shri Chamu Krishna Shashtri, Chairman of Bharatiya Bhasha Samiti in New Delhi, and Prof. Ganga Prasad Prasain, Vice Chancellor of Tripura Central University and President of Vidya Bharati Purvottar Kshetra, actively participated in the deliberations with the Vice Chancellors.

The meeting served as a platform for collaboration and knowledge sharing among educational leaders, fostering a conducive environment for the growth and development of Pragjyotishpur University. Such initiatives aim to further strengthen the university's academic standards and ensure its continuous contribution to the field of higher education.

Pragjyotishpur University remains committed to providing quality education and shaping future leaders who will make a positive impact in their respective fields and society at large.






# Formed - Bodo Shiksha Sanskriti Nyas

A significant step towards the upliftment of education and the preservation of Bodo language and culture in the Bodoland Territorial Council (BTC) region was taken on March 29, 2023. Vidya Bharati Purvottar Kshetra, in collaboration with esteemed officials and under the guidance of notable leaders, established the 'Bodo Shiksha Sanskriti Nyas'.

The momentous event held at the Bodoland guesthouse in Kokrajhar, received valuable guidance from Sah Kshetra Pracharak of Rashtriya Swayamsevak Sangh Assam Kshetra, Shri Bashistha Bujarbaruah, and All India Secretary of Vidya Bharati, Mananiya Brahmaji Rao, All India Asstt. Secretary Smt. Jajnabati Basumatary, Secretary of Vidya Bharati Purvottar Kshetra, Dr. Jagadindra Raychoudhury, Organising Secretary Dr. Pawan Tiwari, and Secretary of Shishu Shiksha Samiti Assam, Shri Kulendra Kr. Bhagawati were present in that programme.



# Arunachal Shiksha Vikas Samiti

## Teachers Orientation Camp & Shishu Vatika Prashikshan Varg

Arunachal Shiksha Vikas Samiti organized 10 days Teachers Orientation Camp & Shishu vatika Prashikshan varg. Training programme was formely inaugurated on 17th May 2023 at Donyi Polo Vidya Niketan, Ngorlung. East Siang Arunachal Pradesh in the august presence of Dr.Tashi Dorjee Babu Sir, CO, Bilat under East Siang District. GoAP as Chief Guest, Shri Tate Gammeng Ji, President, DPVN, Ngorlung, Shri Sukumaran K, State Coordinator, ASVS and many dignitaries were present. 36 Nos. of Teachers from 13 schoolsparticipated in this 10 daysevent under 2 categories i.e. Teachers Orientation Camp for middle, Secondary level Teachers & others is Shishu Vatika Prashikshan Varg for Pre-Primary & Primary level teachers.

The training program mainly focused on Early Childhood Care and Education (ECCE) and on Pedagogy. Total 58 Nos. of Session are Conducted in this training. At the end of the training, participants were given written test, Yoga Test and Micro Teaching Class under Evaluation marking by resource person.

Valedictory Function was held on 25th May, 2023 i.e. Shri Odhuk Tabing, East Siang Deputy Director of School Education as chief guest Shri Gyamar Kassung, Secretary ASVS and Shri Sukumaran K, State Coordinator, ASVS was present at the concluding function. Gifts and Certificate are distributed to the participants.





# Janajati Gaurav Divas

On the occasion of Birsa Munda Jayanti, Janajati Gaurav Divas program was organized at Bodo Haflong Cultural Auditorium on 15 November 2022. Shri Debolal Gorlosa, Chief Executive Member of Dima Hasao Autonomous Council was present as the chief guest in this function. Dr. Pawan Tiwari, Organising Secretary, Vidya Bharati Purvottar Kshetra delivered as the keynote address. Shri Mahesh Bhagvath, Organising Secretary, Vidya Bharati Dakshin Assam Pranta and Shri Yogendra Singh Sisodia, Executive Member, Vidya Bharati Purvottar Kshetra were present at the Programme as special guests.



# Academic Assembly




5th Academic Assembly was organised by Janajati Shiksha Samiti, Nagaland, on the theme "Main role of teachers for the success of National Education Policy (NEP) 2020" in Dimapur. Honorable Governor of Nagaland, Shri La Ganesan was present as the chief guest at the event. 10 students were given a scholarship of INR 5000 each along with certificates during the programme, which was attended by Deputy Commissioner of Dimapur Shri Sachin Jaiswal and other officials.

# Tea Community Youth Festival – 2023




**Assam Chah Janagoshi Shiksha Sanskriti Nyas** organized its first ever Youth Festival at Rangghar Auditorium of Dibrugarh University on 8th July 2023 with a day long programme. The auditorium was thronged with more than 500 enthusiastic participants. Sh. Sanjoy Kishan, Honorable Minister, Labour Welfare Department, Government of Assam started the programme with the lightening of lamp in front of the portrait of Bharat Mata. 33 meritorious students who secured more than 80% marks in their HSLC and HS exams this year were felicitated by the dignitaries on the dais.

In the 2nd session Dr.Horen Gowalla, Principal of Mariani College delivered speech on the topic ‘Students of the Tea & Ex-Tea Community and their Enrolment in Higher Education System: Challenges & Assessment’. In the last session the chief guest Sjt. Bashistha Bujarbaruah, Saha Kshetra Pracharak, RSS, Assam Kshetra, deliberately focused on the topic ‘Tea & Ex-Tea Community Youth and their role in the Upliftment of Society, conservation of tradition and nation building’.

# Donation of Musical instruments

In a significant step toward promoting music education, the Krishna Chandra Gandhi Foundation extended its support to two educational institutions in Assam and nine educational institutions in Arunachal Pradesh





# Vidwat Parishad Meeting

The Vidwat Parishad Meeting took place at Abotani Vidya Niketan, Pachin, Naharlagun, on 5th December 2023, under the auspices of the Arunachal Shiksha Vikas Samiti (ASVS). The event featured impactful speeches by the All India Secretary of Vidya Bharati, Shri Brahmaji Rao, Arunachal Government State Nodal Officer for NEP 2020, Shri A.K. Mishra, and State Convenor of Vidwat Parishad Arunachal Pradesh, Dr. Joram Aniya. The esteemed speakers engaged in insightful discussions with learned scholars from various fields, addressing topics such as education, health, life skills, colleges, and universities. The comprehensive implementation of the National Education Policy 2020, along with its opportunities and challenges, was also a focal point of the deliberations.






# Matri Sammelan organised

A huge Matri Sammelan (Mother's Meet) was organised at Sankardev Shishu Niketan Dhakuwakahana in Lakhimpur Vibhag on 3rd December 2023. Around 1500 mothers from all the Niketans under Dhakuwakhana Sankul took participation. Apart from those from Dhakuwakhana Sankul a number of mothers from nearby Gogamukh Sankul also witnessed the program.

Vidya Bharati national secretary Brahmaji Rao was the special invitee. The keynote speaker was Jyotsna Medak Gogoi, Retired Principal, Dhemaji Teacher Training College highlighted on the topic 'Modern thinking for the all-round development of children in the global context'. Padma Bora, retired principal of Dhakuwakhana Model H. S. School addressed the mass as a distinguished guest.








# Under-14 Football Team Clinches Victory


## Triumph in the 34th All India Games




The Under-14 football team from Saraswati Vidya Mandir Halflong, representing Vidya Bharti North Eastern Region, emerged victorious in the 34th All India Games (Football) Festival organized by Vidya Bharti Sports Council. The award ceremony took place at Saraswati Vidya Mandir Kedardham, Gwalior. Fifteen players from the Under-14 football team of Saraswati Vidya Mandir Halflong actively participated in this event, bringing pride to the North East region and their school by securing the championship in this sports competition.












vbpurvottar

Asom Prakashan Bharati, Namghar Path, RGB Road, Guwahati

**क्षेत्रीय अध्यक्ष**
प्रो. गंगा प्रसाद परसाई

**क्षेत्रीय मंत्री**
डॉ. जगदीन्द्र राय चौधुरी

**क्षेत्रीय संगठन मंत्री**
डॉ. पवन तिवारी

**सम्पादक**
डॉ. बिनीता भगवती

**क्षेत्र प्रचार प्रमुख**
श्री विकाश शर्मा

**CONTACT US**

+91-81330-40135

admin@vbsamwad.co.in

vbsamwad.co.in